# पलामू में दम तोड़ती संस्कृत शिक्षा, इच्छा शक्ति की कमी

**प्रभुदयाल तिवारी**

**मेदिनीनगर।** प्राचीन काल से ही विधालय को शिक्षा का मंदिर माना जाता है, लेकिन यहां तो विद्यालय है, लेकिन शिक्षा ही नही है। भारतीय संस्कृति के संरक्षणार्थ व जन जन की भाषा देव भाषा संस्कृत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1915 में पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज में स्थापित हुआ था। मगर अब मेदिनीनगर में स्थापित संस्कृत विद्यालय की सिर्फ धड़कनें शेष रह गई हैं, या यूं कहे तो वेद पुराण उपनिषदों व जन जन की भाषा रही देव भाषा संस्कृत वर्तमान में उपेक्षा का दंश झेल रही है। पठन पाठन के घटते संसाधन व सरकारी इच्छाशक्ति के अभाव में पलामू प्रमंडल में संस्कृत शिक्षा दम तोड़ रही है। पलामू ज़िला के मेदिनीनगर के हमीदगंज मुहल्ले में अवस्थित ये

**जन जन की भाषा देव भाषा संस्कृत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1915 में पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज में स्थापित हुआ था**



मेदिनीनगर के हमीदगंज मुहल्ले में अवस्थित संस्कृत उपशास्त्री महाविधालय की जर्जर स्थिति

संस्कृत उपशास्त्री महाविधालय की स्थिति इतनी दयनीय है कि यह विद्यालय भगवान भरोसे ही चल रही है। झारखण्ड सरकार को भी इस विद्यालय पर कोई ध्यान नहीं है और न ही इस विद्यालय कि देख रेख करने वाला भी कोई है। इसके कारण आज यह संस्कृत उच्च विधालय खंडहर में तब्दील होता दिख रहा है, न ही इस विद्यालय में शिक्षक हैं, न छात्रों के लिए बैठने के लिए कक्षा, न शौचालय और न ही पीने की पानी की समुचित व्यवस्था है। बताया जाता है कि 1915 में धर्मप्रेमी विष्णु साहू सहित जिले के प्रतिष्ठित व गण्यमान्य लोगों ने मिलकर संस्कृत विद्यालय की स्थापना की थी। 1923 में जिले के तत्कालीन डीसी एसम धर ने डालटनगंज मुख्यालय स्थित साहित्य समाज के पास 48 डिसमिल भूमि विद्यालय के लिए व अस्पताल चौक के पास 28 डिसमिल जमीन छात्रावास के लिए लीज पर उपलब्ध कराया था, जिसके बाद अन्य स्थानीय लोगों के सहयोग से 1932 में विद्यालय का भवन बना। तब विद्यालय में प्रथमा से आचार्य तक पठन पाठन की व्यवस्था थी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण कम समय में ही पलामू का संस्कृत विद्यालय लोकप्रिय हो गया। स्थानीय समेत बिहार, मध्य प्रदेश आदि से भी छात्र यहां संस्कृत शिक्षा ग्रहण करने आते थे। प्रख्यात साहित्यकार जानकी वल्लभ शास्त्री इसी विद्यालय की उपज थे। 1978 में विद्यालय को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ । 1981 में इसे उपशास्त्री अर्थात इंटर स्तर में परिवर्तित कर दिया गया। तबसे यह महाविद्यालय के स्वरुप में है।

### क्या कहना है, विद्यालय के लिपिक का...


कृष्ण मुरारी पाण्डेय

विद्यालय के लिपिक कृष्ण मुरारी कहते हैं कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की काफी संख्या हुआ करती थी, लेकिन आज के समय में छात्रों कि संख्या में काफी कमी आई है। वर्तमान की बात की जाए तो इस विद्यालय में सृजित 9 पद है, जो सभी खाली है। इस विद्यालय में फिलहाल दो कर्मी एक लिपिक और दूसरा रात्रि प्रहरी हैं। रांची संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डालटनगंज महाविद्यालय के प्राचार्य के अतिरिक्त प्रभार में हैं। अगर महाविद्यालय में उपशास्त्री के नामांकित बच्चों की संख्या की बात करें तो करीब 100 बच्चे नामांकित है । शिक्षको कि माने तो आज तक विद्यालय के लिए विकास मद कि राशि कभी भी मिली ही नही जिससे इस विद्यालय कि आधारभूत संरचना ठीक नही हो पा रही है। विद्यालय में काफी सुविधाओं की कमियां है।

## एक नजर

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के हड़ताल में नहीं शामिल होने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ पलामू जिला शाखा की शनिवार हुई बैठक में 22 जुलाई से अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की अनिश्चतकालीन हड़ताल में शामिल नहीं होने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही अगली बैठक में सर्व सम्मति से संघ के पलामू जिला शाखा का चुनाव कराने पर बल दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ जिला शाखा का वर्तमान में कार्यवाहक पदाधिकारियों के सहारे चल रहा है। इसलिए नयी कमेटी का चुनाव होना अतिआश्वयक है। बैठक में विनोद राम, यूसुफ आजाद अंसारी,प्रमोद कुमार सिंह, महेंद्र कुमार राम, पुरूषोत्तम शुक्ला, शिव कुमार सिंह, अनिल कुमार शुक्ला, अजय कुमार, राकेश कुमार, राजेंद्र उरांव, कपिल साव सहित काफी संख्या में कर्मचारी संघ के सदस्य मौजूद थे।

### सुदेश के आगमन को ले आजसू ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो पलामू जिला के दौरे को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व की बैठक केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में छतरपुर व हुसैनाबाद के कार्यक्रम व स्वागत कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की गई। केंद्रीय सचिव सतीश कुमार, इम्तयाज अहमद नजमी, विकेश शुक्ला, विजय मेहता, बबलू गुप्ता, संतन मेहता ने अपने विचार व्यक्त किए।



## कौशल प्रशिक्षण के लिए 57 प्रशिक्षणार्थी रवाना

### विभिन्न टेंड्रों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेएसएलपीएस अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण के लिए विभिन्न ट्रेडों के 57 प्रशिक्षणार्थी को शनिवार को जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी प्रशिक्षणार्थी को जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा योजना संबंधित जानाकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थी रांची,जमशेदपुर, धनबाद व रायपुर में स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण में इन्हें विभिन्न ट्रेंडों के तहत सिलाई, सहायक नर्स, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, गोदाम परिचालक, दो पहिया वाहन परिचालन आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि प्रशिक्षणार्थी ट्रेनिंग लेकर अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें। साथ ही संबंधित रोजगार में कुशल होकर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक इस अवसर प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप सभी अपने क्षेत्र के कार्यकुशल हो जायेंगे, जिससे आपको रोजगार प्राप्त करने में सहूलियत प्रदान होगी। मौके पर जिला समन्वयक संदीप मिश्रा, मोबिलाइजर्स समेत अन्य उपस्थित थे।




## अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

### अवैध खनन स्वीकार्य नहीं, नियमित रूप से करें जांच : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। सदर अनुमंडल कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, सदर व लेस्लीगंज के एसडीपीओ, सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। उन्होंने इसे रोकने को लेकर सभी पदाधिकारियों से उनके सुझाव मांगे। इस वर्ष खनन से जुड़े कुल दर्ज किये गये एफआईआर की कॉपी की भी मांग की। बैठक में एसडीएम ने सभी से कहा कि उनके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है तो इससे जुड़े प्रमाण पत्र देना होगा। यह प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को देना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, संबंधित मुखिया यह प्रमाण पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है। इसके अलावा अगर कहीं माइनिंग हुआ तो उस पर क्या कार्रवाई की गयी इसका प्रतिवेदन भी देना होगा। शहरी क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों पर सीसीए के माध्यम से कार्रवाई करने पर बल दिया गया। उन्होंने सभी से डंप लाइसेंस के माध्यम से हो रहे अवैध खनन पर विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया।



**थाना प्रभारी व सीओ समन्वय के साथ काम करें...** बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारी व सीओ को बेहतर समझ के साथ काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि दो थाना क्षेत्र की सीमा रेखा पर अवैध बालू का कारोबार हो रहा है। ऐसे स्थान पर दोनों थानों व अंचलों के पदाधिकारी आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर संबंधित पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज बॉक्स

### गतका प्रतियोगिता में हुनर दिखाएंगे संत मरियम स्कूल के खिलाड़ी

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय स्कूल के रोशन कुमार, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, आर्यन कुमार, आयुष कुमार राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुक्रवार की रात 1 बजे पलामू एक्सप्रेस से धनबाद रवाना हुए। उनके साथ संत मरियम स्कूल के शारीरिक शिक्षक सह पलामू जिला गतका संघ के सचिव सुमित बर्मन रवाना हुए। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि गतका पंजाब की पारंपरिक खेल है। इस खेल के माध्यम से पूर्व में भी विद्यालय के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके है। साथ ही एसजीएफआई में भी पदक जीत कर पलामू जिला का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। इस वर्ष भी खिलाड़ी अपने लक्ष्य को साधने के लिए राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए धनबाद रवाना हुए है। उम्मीद है सभी खिलाड़ी बेहतर प्रशिक्षण एवं अपने मेहनत के बदौलत 38 नेशनल खेल में भी भाग लेकर झारखंड को गौरवान्वित करेंगे। मौके पर सुमित बर्मन ने बताया की धनबाद के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 20, 21 जुलाई को राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह पदक जीतने वाले खिलाड़ी ही राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में हुनर दिखाएंगे। राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता 24 अगस्त से 28 अगस्त तक पंजाब में आयोजित की जाएगी।



## अभाविप ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन, मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने जिला संयोजक नीतीश दुबे के नेतृत्व में शनिवार को विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता को लेकर नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीडीएस सत्र 2023-24 तृतीय वर्ष की 81 उत्तर पुस्तिकाएं खो जाने के मामले में परीक्षा परिणाम पर निर्णय लेने के साथ उक्त कृत्य की जांच कर संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों पर 2 दिनों के अंदर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। साथ ही 22 मार्च 2023 को आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी स्थिति स्पष्ट करने व जांच कमेटी के निर्णयों को अविलंब सार्वजानिक करते हुए यथास्थिति पीएचडी में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग शामिल है। सदगुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा के वोकेशनल विभाग में भूगोल शास्त्र के शिक्षक प्रो.कुंदन कुमार को समन्वयक बनाया गया है, जबकि प्रो.कुंदन कुमार महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं। 1000 मासिक भत्ता भी लेते हैं जो नियमतः गलत है। प्रो.कुंदन कुमार को जल्द हटाते हुए वोकेशनल विभाग के शिक्षक को समन्वयक नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन त्वरित कार्रवाई करें नहीं तो अभाविप आंदोलन को बाध्य होगी। इसकी सारी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। मौके पर राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक विनीत पांडेय ने कहा की नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता लगातार बढ़ती जा रही हैं। विश्वविद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है। लगातार उत्तर पुस्तिका भूलना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। वैसे अधिकारी अर्थात कर्मचारी जो इस तरह की गैर जिम्मेवाराना हरकत कर रहे हैं उस पर विश्वविद्यालय प्रशासन प्रशासनिक कार्रवाई करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय के समक्ष बड़ आंदोलन करेगा। इसकी सारी जिम्मेवारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ल ने कहा कि बीडीएस सत्र 2023-24 तृतीय वर्ष की संपूर्ण उत्तर पुस्तिका गायब होना अत्यंत संवेदनशील विषय है। यह परीक्षा विभाग के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार का नतीजा है। इस मामले में छात्र हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा परिणाम पर निर्णय लिया जाए। यह कोई पहली घटना नहीं है कि परीक्षा विभाग की गलतियों का खामियाजा आम छात्र भुगत रहे हैं। आय दिन ऐसी घटनाएं देखने को मिलती है। परीक्षा विभाग में अनियमिताओं का अंबार लगा है। विश्वविद्यालय प्रशासन इसे अविलंब ठीक करें। मौके पर विभाग संयोजक अभय वर्मा, जिला संयोजक नीतीश दुबे, नगर मंत्री विपिन यादव, नगर सह मंत्री प्रभात दुबे, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा, राहुल कुमार चेरो,अभिषेक कुमार रवि मौजूद थे।



## सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर मनरेगा कर्मियों का धरना

### तीसरे दिन भी जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनरेगा कर्मचारी संघ ने अपनी सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर लगातार तीसरे दिन भी धरना पर बैठे रहे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नारद यादव ने कहा कि पिछली सरकार की तरह इस सरकार ने भी मनरेगा कर्मियों को छलने का काम किया है। सरकार साढ़े तीन सौ मनरेगा कर्मियों के साथ वादा खिलाफी का काम कर रही है। चुनाव के दौरान मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने का अश्वासन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया था। सरकार का गठन हो जाने के बाद मनरेगा कर्मियों की मांगों को सरकार भूल गई। इस बार मनरेगा कर्मी भी सरकार के बहकावे में नहीं आने वाले हैं। जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विधायकों ने मेज थपथपा कर अपना वेतन बढ़वा लिया। स्थायीकरण नहीं करने का खामियाजा सरकार को आने वाले चुनाव में दिख जाएगा। 17 सालों से लगातार मनरेगा कर्मी अल्प मानदेय पर किसी तरह से गुजारा कर अपनी सेवा का निर्वहण कर रहे हैं। जिला सचिव अख्तर हुसैन ने कहा कि मरनरेगा कर्मी दिन रात मेहनत कर काम कर रहे है, बावजूद सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी, मनोज कुमार चौबे, राहुल सोनी, आशीष कुमार, पप्पू कुमार, प्रियरंजन शुक्ला, संतोष कुमार यादव, सुनील कुमार यादव सहित अन्य मनरेगा कर्मी मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना शिविर कल से, उपविकास आयुक्त ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने आगामी 22,23, 24 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के मेगा कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंने का निर्देश दिया है। जिससे शिविर में अधिक संख्या में लोग इस योजना से लाभान्वित हो। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से उनके क्षेत्र अंतर्गत पंचायत स्तरीय बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में भी इसकी सूचना सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों के जरिए भी शिविरों का प्रचार-प्रसार करने की बात कही। बीडीओ से शिविर के सफलता को लेकर किये जा रहे तैयारियों से भी अवगत हुए। वे शनिवार को एनआईसी के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी बीडीओ से उनके यहां लगने वाले शिविरों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड के कंप्यूटर ऑपरेटर के बीच अलग-अलग पंचायत को टैग कर दें, ताकि आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री में किसी तरह का कोई समस्या नहीं आएं।

**इस प्रखंड में लगेगा शिविर**

**22 जुलाई को-** चैनपुर, लेस्लीगंज, मनातू, रामगढ़,सतबरवा, हरिहरगंज,छतरपुर,हुसैनाबाद, पिपरा,

**23 जुलाई को-** विश्रामपुर,पांडू,पांकी, तरहसी,उंटारी रोड,नौडीहाबाजार,नावाबाजार,हैदरनगर,मोहम्मदगंज में शिविर लगाया जायेगा।

**24 जुलाई को-** सदर मेदिनीनगर,पंड़वा,पाटन में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# सांप काट ले तो भूलकर भी ना करें ये काम, वरना चली जाएगी जान

**मेदिनीनगर। मॉनसून के सीजन में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है।**

इस दौरान अगर आप कुछ सावधानियां बरतें तो सर्पदंश का खतरा टल सकता है।

मॉनसून के सीजन में सर्पदंश से मौत होने का मामला देखने सुनने को मिलता है। मगर सर्पदंश के मामले में अगर खास बात का ध्यान रखते है तो सर्पदंश के मामले में खतरा को टाल सकते है। स्नेक एक्सपर्ट श्री देवब्रत सिंह ने नवीन मेल संवाददाता से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग झाड़ फूंक पर विश्वास रखते है। मगर सर्पदंश के बाद पीड़ित को तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए। वहीं, अस्पताल ले जाने में देर हो रहा है तो कुछ बातों का ध्यान देने पर चार से पांच घंटो तक खतरा को टाल सकते है।

सांप काटने के बाद कटे हुए अंग के पास किसी भी तरह का कट या चीरा नहीं लगाना है। इसके साथ मुंह लगाकर कभी खून निकालने की कोशिश न करें। इससे इन्फेक्शन बढ़ते है। अगर हाथ में सांप काटे तो किसी भी तरह का अंगूठी, कड़ा, चूड़ी और ब्रासलेट को तुरंत निकाल दें। वरना सर्पदंश के बाद अंग पर सूजन होता है। जिससे इन्फेक्शन बढ़ जाता है और उस अंग को काटना भी पड़ सकता है।



पट्टा को उतना कड़ा बांधना जितना में रक्तप्रवाह कम हो सके। इतना भी टाइट नहीं होना चाहिए की रक्त का प्रवाह रुक जाए। इससे इन्फेक्शन का खतरा बढ़ सकता है। इससे हाथ नीला पड़ सकता है। जिससे बाद में उस भाग को काटना भी पड़ सकता है। इसके साथ मुड़ने वाले जगह पर अगर सांप काटे तो वहां किसी लकड़ी के सहायता से पट्टा को बांधे ताकि हाथ मुड़े न क्योंकि, हाथ मुड़ने से सांप का जहर दो भागों में बंट सकता है।

सर्पदंश के बाद लोगों को घबराहट होती है। जिससे पीड़ित को बचना चाहिए। वरना रक्तप्रवाह तीव्र होता है। जिससे पीड़ित को परेशानी हो सकती है। सर्पदंश के बाद पीड़ित को ज्यादा गतिविधि नहीं करना चाहिए ताकि रक्त प्रवाह में बढ़ोतरी न हो, सबसे खास तौर पर सर्पदंश के मामले में ध्यान देने वाली बात ये है कि अगर उंगलियों में सांप ने काटा है तो हाथ के ऊपरी भाग से कलाई तक पट्टा बांधना चाहिए। सांप अगर हाथ में काटा हो तो कभी भी हाथ को हृदय से ऊपर नहीं ले जाना चाहिए। ऐसा करने से जहर हृदय तक पहुंच सकता है। जिससे खतरा बढ़ सकता है। इन सारी बातों का अगर ध्यान रखा जाए तो सर्पदंश के चार से पांच घंटे तक आप खतरा को टाल सकते है। जिस दौरान आप लंबी दूरी कर अस्पताल पहुंच सकते है और इलाज कराकर खतरे से बाहर आ सकते है।

## इस पौधे से सांप को नफरत, गंध से भाग जाएगा, घर के दरवाजे-खिड़की पर लगा दें... घुस नहीं पाएगा

पारंपरिक मान्यताओं और कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, इस पौधे की गंध और उसकी रासायनिक संरचना सांपों को दूर रखने में सहायक होती है। पत्तियों में विशेष प्रकार के रसायन पाए जाते हैं, जो सांपों के लिए असहनीय होता हैं। ये सांपों को दूर रहने के लिए मजबूर करते हैं।

पलामू जिला में मानसून में बारिश शुरू होते ही सांपों का निकलना शुरू हो जाता है। बारिश से बचने के लिए कई बार जहरीले सांप घरों में घुस जाते हैं। सांप कब और कहां से घर में घुस जाए, इसका पता लगाना भी मुश्किल है। इसके लिए कोई पहरेदारी भी नहीं कर सकता। ऐसे में क्या करें कि बरसात के दिनों में सांप घरों में न घुसे। हालांकि कुछ घरेलू उपाय लोग करते हैं, लेकिन कई बार वो कारगर नहीं होता।

**पारंपरिक उपाय-** ऐसे में इस जटिल समस्या का समाधान प्रकृति के पास ही मौजूद है। अगर किसी भी मौसम में सांप आपके घर में न घुस जाए तो इसके लिए आप एक पौधे को जरूर लगाएं। इस पौधे से अजीब गंध निकलती है, जिससे सांप दूर भागते हैं। खास बात यह है कि इस पौधे का नाम ही नागदौन है। इस पौधे की विशेषता ही सांपों की दुश्मन है। यह घरों में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है।



**इसलिए नागदौन का पौधा खास**

नागदौन जिसे स्नेक प्लांट या मदर-इन-लॉज टंग भी कहा जाता है। वैसे तो यह एक प्रसिद्ध सजावटी पौधा है। इसकी पत्तियां लंबी, सख्त व तलवार के आकार की होती हैं। यह पौधा न केवल सजावट के लिए उपयोगी है, बल्कि इसे घर में लगाने से कई लाभ भी मिलता हैं।

## एक नजर

### शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के पटेल नगर दिपुवां स्थित जेपीएस सेंट्रल स्कूल के सभागार में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिट टेस्ट-प्रथम का परीक्षाफल भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सीबी सिन्हा, उपनिदेशिका सीमा सिन्हा, प्राचार्य मकसूद आलम व अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सीबी सिन्हा ने कहा कि हम सभी को बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए सतत प्रयास करते रहने की जरूरत है। आज के परिवेश में बच्चों को मोबाइल व बुरी संगत से बचाव करने की जरूरत है। बच्चों मे अच्छे संस्कार भरने का सही समय 5 वर्ष से 12 वर्ष का होता है। इन्हीं समयान्तराल में बच्चों को दी गई संस्कार जीवनपर्यन्त चलते रहते हैं। अतः आप सभी बच्चों के ऐसे समय में विशेष ध्यान दें।

**1000 सीट की क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी का भूमि पूजन**

# गढ़वा के माथे पर पिछड़ेपन का कलंक लगा था: मिथिलेश ठाकुर

- **मंत्री ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय गढ़वा की छात्राओं को बैगपाईपर इंस्ट्रुमेंट प्रदान किया**
- **यह हाइटेक सर्व सुविधा संपन्न लाइब्रेरी बच्चों के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला में लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से 1000 सीट क्षमता वाली नयी हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर इसका भूमि पूजन किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम का मंत्री ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। मंत्री ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय गढ़वा की छात्राओं को बैगपाईपर इंस्ट्रुमेंट प्रदान किया। साथ ही अपने गुरूजनों एवं शिक्षाविदो को सम्मानित भी किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गढ़वा के विकास की गाथा में एक और अध्याय जुड़ गया है। यह हाइटेक सर्व सुविधा संपन्न लाइब्रेरी बच्चों के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मैं जो ठान लेता हूं, उसे मुकाम पर पहुंचा कर रहता हूं। एकीकृत बिहार के समय से ही गढ़वा जिला एवं गढ़वा विधानसभा के माथे पर पिछड़ेपन का कलंक लगा था। वह अब धुलने के कगार पर है। आज हर क्षेत्र में गढ़वा विकास के पथ पर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका कारण है कि पिछले चुनाव में गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार बनाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने गढ़वा में एक महिला कॉलेज भी नहीं खुलवाया था। परंतु अब महिला कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बहुत जल्द ही पूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में अभी कुछ स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। बहुत जल्द ही सभी प्रखंडों में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। मौके पर गढ़वा डीसी शेखर जमुआर, गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, डीएसई आकाश कुमार, शिक्षाविद् मदन प्रसाद केशरी, श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, पीके चौबे, बलराम तिवारी, रेयाज अहमद आदि ने विचार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेन्द्र सिन्हा, डॉ यासिन अंसारी, ब्रजमोहन ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, नवीन तिवारी, सैयद गुलाम हुसैन सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग, स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### मंत्री ने गुरू एवं शिक्षाविदों को सम्मानित किया

कल्याणपुर में लाइब्रेरी के भूमि पूजन के दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने गुरूजनों एवं शिक्षाविदों को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किमा। इस दौरान मंत्री ने अपने गुरू (शिक्षक) डीपी सिंह, बलराम तिवारी, पारस तिवारी सहित एसपीडी कॉलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. दिलीप चौबे, डॉ श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, डॉ विनोद कुमार ठाकुर, प्रो. मनोज कुमार पाठक, रेयाज अहमद, प्रेम कुमार चौबे, अनुपा प्रतिभा तिर्की, सुनीता कुमारी सिंह, राजाराम पासवान, लखन प्रसाद कश्यप, मदन प्रसाद केशरी, डॉ यासिन अंसारी आदि को सम्मानित किया।

### लाइब्रेरी में उपलब्ध होंगी ये सुविधाएं

गढ़वा में निर्मित हो रहे हाईटेक लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप व बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगा। लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट के ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 लोगों के बैठने की क्षमता, फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल एवं बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी. ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी. सभी फ्लोर में ब्वॉयज एवं गर्ल्स टॉयलेट होंगे। यह लाइब्रेरी अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त होगा।

# लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज ने भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दिया : मिथिलेश

**बसपा के 300 समर्थक झामुमो में शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झामुमो के प्रति निष्ठा व विश्वास जताते हुए बसपा के 300 से अधिक समर्थकों ने शनिवार को स्थानीय विधायक सह राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के समक्ष झामुमो का दामन थाम लिया। मंत्री ने सभी लोगों को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि आप सबों ने मुझे गढ़वा की सेवा करने का मौका दिया। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कुछ दिन पूर्व संविधान को समाप्त करने की बात कर रही थी। परंतु गत लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज के लोगों ने भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देते हुए सबक सिखला दिया। अब भाजपा संविधान की रक्षा की बात करने लगी है। मंत्री के कहा कि बसपा छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे सभी लोग प्रशिक्षित कार्यकर्ता हैं। इनके प्रशिक्षण का लाभ झामुमो को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी लोग जनता के लिए नहीं अपने निजी स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। ऐसे लोग मौका देखते ही पाला बदलने में एवं झूठ फरेब करने में माहिर होते हैं। मंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा कि क्षेत्र में जाने वाले लोगों से पूछिए कि कई पार्टियों का चक्कर लगाते हुए अब वे निर्दलीय क्यों हो गए हैं। इस दौरान बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में बसपा छोड़कर झामूमो में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव सुमेश्वर सिंह, रंका के प्रखंड सचिव पूर्व बीडीसी सीताराम, अमित कुमार रवि, रविशंकर उरांव, सुनेश्वर राम, कृश्णा राम, यगुनाथ राम, रामचंद्र राम, सरयू राम, प्रखंड अध्यक्ष सच्चितानंद पासवान, उप मुखिया उमेश्वर सिंह, बीडीसी आशिश पासवान, परमेश्वर पासवान, राजेंद्र राम, वार्ड सदस्य सुनील कुमार, विश्वनाथ राम, इंद्रदेव राम, पूर्व जिला प्रभारी रामचंद्र राम, बजरंगी राम, पप्पू राम, अमित कुमार, गोपाल राम, मुन्ना राम, नंदू राम, अनिल राम सहित अन्य के नाम शामिल हैं।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए 101 पौधरोपण किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पर्यावरण परिवार द्वारा रामलला मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर परिवार के संयोजक नितिन कुमार तिवारी ने कहा कि यह इस वर्ष का पांचवा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पौधारोपण के दौरान 101 पौधे लगाए गए। मंदिर प्रशासन द्वारा पूर्व में ही 101 गड्ढे जेसीबी के माध्यम से करा दिए गए थे। उन्होंने कहा कि पीपल, बरगद, नीम, बेल, करंज, महोगनी, अमलतास, सागवान तथा शीशम के पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि टीम का लक्ष्य है कि अगस्त महीने के अंत तक 2000 पौधे लगा दिए जाये। मौके पर धनंजय सिंह, जिला प्रचारक वासुकी जी, बबलू दुबे, पूर्व मुखिया देवराज उपाध्याय, शिक्षक मनोज दुबे, अमित शुक्ला, मुन्ना दुबे, गौतम ऋषि, विपिन तिवारी, प्रदीप श्रीवास्तव, संयोजक नितिन कुमार तिवारी के अलावा मंदिर प्रशासन के लोग उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### आग लगने से घर जलकर खाक

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव निवासी भृगुन चौधरी के घर में अचानक आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। परिजनों ने बताया कि आग लगने के बाद हम लोगों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं बुझा सके। उसके बाद अग्निशामक वाहन को बुलाया गया इसके बाद आग पर काबू पाया गया घर में रखे खाने पीने की सामग्री, राशन, कपड़ा, बर्तन, बक्सा इत्यादि जल जाने के कारण लगभग चार लाख रुपए की नुकसान हुई है आठ क्विंटल गेहूं,चावल 20 क्विंटल,दाल एक क्विंटल ,प्याज 2 क्विंटल,आलू 4 क्विंटल, चना 2 क्विंटल, नगद एक लाख दस हजार रुपए जलकर राख हो गया है। परिजनों ने बताया कि घर में रखे सारा सामान जलकर राख हो जाने से हम लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### यात्री का हाथ कट कर अलग हुआ

**गढ़वा।** गढ़वा अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर लकोरिया गांव के पास बस में बैठे एक सवारी हाथ कट कर अलग हो गया है। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में घायल रंका थाना क्षेत्र के मतौली गांव उमेश प्रसाद 30 वर्ष बताया गया है। जानकारी के अनुसार घायल उमेश पॉपुलर बस पर बैठकर बाहर कमाने जा रहा था। इस दौरान लरकोरिया गांव के पास एक ट्रक ने बस को रोंदते हुए पार हो गया। इससे उमेश का दाहिना हाथ कट गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा मोड़ निवासी गौरी शंकर श्रीवास्तव 45 वर्ष पिता स्व.ददन प्रसाद श्रीवास्तव ने शुक्रवार की रात में घर के बाहर एक झोपड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बिहार राज्य के रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव के रहने वाले गौरीशंकर का परिवार गढ़वा में ही रहता है। गढ़वा के नवादा मोड़ में उसका घर है। वह नवादा मोड़ के निकट मां गायत्री नर्सिंग होम के संचालक के यहां चालक था। जबकि उसके परिवार में उसकी विधवा भाभी व दो नाबालिग भतीजे हैं। जबकि एक छोटा भाई बाहर रहता है। बताया गया कि गौरीशंकर ने शुक्रवार की रात करीब 10 बजे नवादा मोड़ स्थित घर आया था। इसके बाद वह खाना खाकर सो गया। शनिवार की सुबह जब परिवार के लोगों ने उठकर घर के बाहर निकले तो गौरीशंकर का शव तंबू में रस्सी के सहारे लटका हुआ था। इसकी जानकारी मिलने पर वहां आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना गढ़वा थाना पुलिस को दी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसके शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में लाकर पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। इधर, मृतक के भानजा गढ़वा निवासी सागर श्रीवास्तव ने बताया कि उसके मामा का किसी से कोई विवाद भी नहीं था।

# डिग्री महाविद्यालय महासंघ ने मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड के स्थायी संबंद्ध डिग्री अनुदानित कॉलेजों को घाटानुदान प्रदान करने की मांग राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से की गई। इस बावत संबंद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय के नेतृत्व में महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को मांग पत्र सौंपा है। मंत्री को सौंपे गए मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि वित्तरहित शिक्षा नीति के दंश झेलते हुए राज्य के डिग्री महाविद्यालयों के कर्मी सुदूरवर्ती इलाकों में समाज के कमजोर वर्गों के बहुतायत आबादी के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। अथार्भाव में फटेहाल जीवन जीने को मजबूर हैं। झारखंड सरकार ने करीब 55 अनुदानित कॉलेजों को अनुदान की राशि वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़ाकर डिग्री कॉलेजों में कार्यरत कर्मियों को सहयोग करने की दिशा में पहल किया गया है। परंतु नैक ग्रेडेशन के आधार पर कंडिशनल डिग्री कॉलेजों में अनुदान वृद्धि करने का लाभ राज्य के चंद स्थायी डिग्री कॉलेजों को ही मिल पा रहा है। महासंघ के प्रतिनिधि मंडल में प्रो. परवेज आलम, प्रो. कमलेश सिन्हा, प्रो. उमेश सहाय आदि शामिल थे।



# जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में गुरू पूर्णिमा पर कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शिष्य और गुरु एक दूसरे के पूरक हैं। गुरु समाज और राष्ट्र के सच्चे धरोहर होते हैं। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अपने शिक्षक- शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर व वंदन गीत गाकर सम्मान प्रकट किया। विद्यालय के निदेशक ने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए अपनी ओर से उपहार भेंट की। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा व व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व महर्षि वेद व्यास को समर्पित है, क्योंकि इस दिन ही महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। भारतीय संस्कृति में इसी दिन शिष्य अपने गुरुओं की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में आज के दिन ही शिक्षक दिवस अथवा गुरु दिवस का आयोजन होना चाहिए। वैसे आचार्य देवो भव विचारधारा के साथ हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है। संस्कृत में 'गु' का अर्थ होता है अंधकार( अज्ञान) एवं रु का अर्थ होता है प्रकाश(ज्ञान)। गुरु हमें अज्ञान रुपी अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) रूपी मार्ग को प्रसस्त करते हैं। इस दिन कई महान गुरुओं का जन्म भी हुआ था। इसी दिन गौतम बुद्ध ने धर्मचक्र प्रवर्तन किया था। इस पर्व को हिन्दू ही नहीं बल्कि जैन,बौद्ध और सिख धर्म के लोग भी मनाते हैं। माता और पिता अपने बच्चों को संस्कार देते हैं, पर गुरू सभी को अपने बच्चों के समान मानकर ज्ञान और संस्कार से भाव भरते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य बसन्त ठाकुर, शिक्षक मुकेश कुमार भारती,नीरा शर्मा, सरिता दुबे, निलम केशरी, अभिषेक पाण्डेय, रिजवाना शाहिन, सुनिता कुमारी, करन दुबे, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद, अवधेश कुमार आदि के साथ अन्य शिक्षक शिक्षकेत्तर की भूमिका सराहनीय रही।



> गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा व व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व महर्षि वेद व्यास को समर्पित है, क्योंकि इस दिन ही महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था

**दिव्यांग छात्र छात्राओं के लिये जांच सह उपकरण वितरण शिविर लगा**

# शिविर में 3 से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

- **शिविर दिव्यांगों के लिये ही आयोजित किया गया है**
- **दिव्यांग बच्चों के माता पिता इस पहल की सराहना की और बच्चों के लिये उपयोगी बताया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के निर्देश पर प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में शनिवार को समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग छात्र छात्राओं के लिये जांच सह उपकरण वितरण शिविर लगा। शिविर का शुभारंभ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, डॉ. दीपक मंडल, ज्ञानन्दू कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। मौके पर शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। सरकार द्वारा समय समय पर शिविर आयोजित कर सभी को सहायक उपकरण दिया जाता है। शिविर दिव्यांगों के लिये ही आयोजित किया गया है। बीपीओ तहमीना परवीन ने कहा कि दिव्यांग बच्चे अपने आप दिव्यांग बच्चो अपने आप को कमजोर न समझें। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष शिविर आयोजित कर उन सभी को सहायक उपकरण दिया जाता हैं। सीआरपी संजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत दिव्यांग बच्चों को विद्यालय आने-जाने के लिये ट्राइसाइकिल सहित अन्य उपकरणों की व्यवस्था किया गया है। दिव्यांग अपने को कमजोर न समझें, मेहनत से पढ़ाई करें और आगे बढ़े। शिविर में 3 से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में 60 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन हुआ था। उनमें आवश्यकता वाले 22 बच्चों को सहायक उपकरण दिया गया। दिव्यांग बच्चों के माता पिता इस पहल की सराहना की और बच्चों के लिये उपयोगी बताया। एलिम्को टीम भुनेश्वर के विशेषज्ञ दल में डॉ दीपक मंडल, (पीएंडओ), ज्ञानन्दू कुमार सिंह, (ऑडियोलॉजिस्ट), अमर बहादुर सिंह( पी एंड ओ), द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों का जांच किया गया और आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया। आकाश सैनी ने डाटा संग्रह किया। मौके पर रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, कंप्यूटर कोऑडिनेटर मुकेश कुमार, आयन अंसारी, महेशी साव, सुनीता देवी सहित दिव्यांग छात्र छात्राओं के माता-पिता, शिक्षक व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**दिव्यांग बच्चे अपने आप को कमजोर न समझें**



# अवैध बालू कारोबारी नहीं बख्से जाएंगे : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** पुलिस अवैध बालू के विरुद्ध लगातार छापामारी तेज कर दी है। पुलिस के कड़े तेवर से अवैध बालू का धंधा करने वालों में हड़कंप व्याप्त है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर रात अभियान चलाकर डंपिंग एक ट्रैक्टर बालू को जब्त कर थाना ले गई है। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अवैध बालू के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कल खाला गांव से सरिदाहा टोला पर शशि गुप्ता उर्फ शशि कमलापुरी द्वारा अवैध तरीके से करीब 1000 सीएफटी बालू छिपा कर रखा गया था। खनन पदाधिकारी के साथ मिलकर जब्त कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के घघरी गांव से चंदन जायसवाल का अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़कर थाना परिसर में लगा दिया गया है। अवैध बालू कारोबार में संलिप्त आशीष जैसवाल व चंदन जायसवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए अंचलाधिकारी सगमा को पत्राचार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिछले तीन महीने में करीब दर्जनों अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार किसी भी हाल में चलने नही दिया जायेगा। छापामारी अभियान लागातार जारी रहेगा। पुलिस की इस तरह के कारवाई से थाना क्षेत्र में बालू का अवैध काम करने वाले माफियाओं में हड़कंप मचा गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बीकू कुमार रजक सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।



